डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 173 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 06 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया




## सोना हुआ सत्तर हजारी, अब 80 तक पहुंचने की संभावना

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सोने के दाम लगातार बढ़ रहे है। शुक्रवार को सोने की कीमत 70 हजार रूपए प्रति



दस ग्राम को क्रास कर चुकी है तो वहीं चांदी में इस तरह से बढ़ोतरी नहीं हो रही है। मतलब कुछ ही समय में ट्रेंड बदल गया है।

देश के सराफा बाजार में सोना और चांदी दो धातुओ की बात हमेशा साथ में की जाती है। लंबे समय तक एक किलो चांदी की कीमत 10 ग्राम सोने की कीमत से करीब दोगुनी रहती थी। महज 12 साल पहले की बात करें तो दोनों धातुओं में यह अंतर लगभग 28 हजार का था। मतलब सोने के दाम थे 28,040 प्रति दस ग्राम तो चांदी थी 56, 290 प्रति किलो। अब इस अंतर को देखे तो यह अंतर छह हजार से भी कम रह गया है। इधर सोने के भाव तेज गति से बढ़ रहे हैं। गुरुवार के बाद शुक्रवार को सोना छह सौ रुपए प्रति दस ग्राम फिर से बढ़ गया। शुक्रवार को सोने के दाम 70300 रुपए प्रति दस ग्राम थे तो चांदी के दाम गुरुवार की तरह स्थिर होकर 76 हजार प्रति किलो ही रहे। अब इंदौर और मुंबई जैसे शहरों में जानकार 80 हजार तक सोना पहुंचने की संभावना जता रहे हैं।

बाजार की बात करें तो सोने का खेल कुछ समय पहले तक सेफ माना जाता था। इसका कारण है कि इसके भाव बहुत ही धीमी गति से ऊपर नीचे होते। वहीं चांदी के भाव में एक ही दिन में पटिए उलाट करने वाला उतार चढ़ाव आता। लेकिन अब चांदी के भाव कछुए की तरह तो सोना खरगोश की तरह भाग रहा हैं। हाल में सोने की कीमतों में आई तेजी ने ट्रेंड बदल दिया है। अब 10 ग्राम सोने के भाव एक किलो चांदी के काफी नजदीक पहुंच गया है।

### तनाव में है निवेशक...

इधर सोने चांदी के व्यापारी और डिब्बे में खेलने वाले तनाव में नजर आ रहे हैं। कई लोगों ने सोना सस्ते में लिया। इसके बाद भाव उच्चतम पहुंचने पर गिरने की संभावना जताई गई। लोगों ने सब्र किया, लेकिन अभी तक का सर्वश्रेष्ठ दाम पर सोना पहुंच गया है। यह समय ऐसा है कि जहां महानगरों का बाजार अस्सी हजार तक सोना पहुंचने की आशंका जता रहा है तो छोटे मोटे सोने के खिलाड़ी अब इस खेल में हाथ डालने से कतरा रहे हैं। इसका कारण है कि सोना तेज गति से बढ़कर ऑल टाईम हाईरेट पर पहुंचा है। संभावना यह भी है कि अगर दाम गिरे तो तेजी से नीचे भी आ सकते हैं।

# लो...दूसरा लोकसभा चुनाव भी देखेगा डोडाचूरा..!

## आठ साल में देखे दो विधानसभा चुनाव और दो सीएम



**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आठ साल.. दो विधानसभा चुनाव...दो सीएम के कार्यकाल...और अब दूसरा लोकसभा चुनाव देखेगा अफीम में चिरा लगने के बाद बचा हुआ डोडे का चूरा। इसके साथ ही कई वादे भी डोडाचूरा ने सुने। समर्थन मूल्य पर खरीदने तक के वादे सुनकर डोडाचूरा फूले नहीं समाया। लेकिन, वही हो रहा है जो आठ साल से हो रहा है। एक बार फिर से डोडाचूरा की तस्करी और इधर कई मामलों में नारकोटिक्स-पुलिस की कार्रवाई पर सवाल। आपको बता दे कि 2018 के चुनाव में पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान समर्थन मूल्य पर डोडाचूरा खरीदने का वादा भी कर चुके हैं।

वर्षों तक किसानों का डोडाचूरा खरीदने के लिए सरकार ठेका देती रही। फिर 31 मार्च 2016 के बाद से डोडाचूरा के ठेके देना बंद कर दिए थे। इसके बाद से डोडाचूरा अफीम किसानों के पास ही पड़ा है तो कुछ किसानों से तस्करों ने खरीदकर बाहर भी भेज दिया है। सरकार के नष्टीकरण के आदेश को लेकर आबकारी विभाग सात साल में भी कोई फार्मूला तैयार नहीं कर पाया है। वर्ष 2016 के पहले और उसके बाद से अभी भी अफीम की फसल सरकार खरीद रही है। अब किसानों के पास 8 साल का डोडाचूरा स्टॉक में रखा है या नहीं है, इसकी भी कोई दस्तावेजी जानकारी किसी विभाग के पास नहीं है। डोडाचूरा के ठेके खत्म होने के बाद से ही आबकारी विभाग ने इसकी तरफ देखना ही छोड़ दिया था। क्योंकि, यह उनके नियंत्रण से ही बाहर हो गया। पिछले विस चुनाव में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने डोडाचूरा को समर्थन मूल्य पर खरीदने का चुनावी दांव भी फेंका था, पर इसका क्रियान्वयन नहीं कर पाए।

**[ इधर अफीम तुलने के साथ ही बढ़ी तस्करी ]**

### किसी को पता नहीं, कितना डोडाचूरा निकला...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिकारियों या किसी भी विभाग को पता नहीं है कि जिले में कितना डोडाचूरा आठ साल में निकला है और कहां रखा है। सितंबर 2017 में प्रदेश सरकार के निर्देश पर आबकारी विभाग ने डोडाचूरा नष्टीकरण की कार्रवाई शुरू की थी, पर कागजों में ही चलने के बाद यह फाइल ठंडे बस्ते में पहुंच गई। आबकारी विभाग यह भी पता नहीं कर पाया था कि 10 आरी में कितना डोडाचूरा उत्पादित होता है। जबकि, लगभग 30 वर्षो से भी अधिक समय तक डोडाचूरा लाइसेंस ठेके पर विभाग का सीधा नियंत्रण रहा है। चार-पांच साल पहले सरकार के निर्देश मिलने पर आबकारी विभाग ने नारकोटिक्स विभाग को पत्र लिखकर जानकारी मांगी थी कि जिले में अफीम किसान कितने हैं? अफीम खेती का कुल रकबा क्या है? और एक किसान के यहां अनुमानित कितना डोडाचूरा उत्पादित होता है? इस पर नारकोटिक्स विभाग ने किसानों की संख्या और अफीम खेती का रकबा तो बता दिया था, पर डोडाचूरा उत्पादन की जानकारी नहीं दे पाए।

### राजस्थान गए थे नष्टीकरण की प्रक्रिया देखने...

उत्पादन की जानकारी मांगने पर एक दल राजस्थान के प्रतापगढ़ में चल रही डोडाचूरा नष्टीकरण की प्रक्रिया देखने भी गया। वहां पर एक किसान को मिले 10 आरी के पट्टे पर औसत 15 किलो डोडाचूरा उत्पादन मानकर जलाया गया था। यहां भी तत्कालीन कलेक्टर के माध्यम से शासन को पत्र लिखा गया, पर उसके बाद कोई जवाब नहीं आया और अब डोडाचूरा किसानों के पास है या चला गया, इसकी भी जानकारी विभाग के पास नहीं है।

### 10 आरी के एक खेत में होता है 80 किलो डोडाचूरा...

डोडाचूरा ठेकेदारी से जुड़े लोगों की मानें तो 10 आरी के अफीम खेत में औसत 80 किलो से एक क्विंटल तक डोडाचूरा निकलता है। कुछ किसानों के यहां यह मात्रा 60 किलो तक भी हो सकती है, पर इससे कम नहीं होती है।

# सरकारी स्कूलों में एक माह के लिए लर्न एण्ड फन

## नए सत्र में एक माह के लिए बदला गया पढ़ाई का तरीका

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूल के विद्यार्थियो पर किताबों का बोझ नहीं डाला जाए। इसके लिए नए सत्र में पढ़ाई का तरीका बदला गया है। एक अप्रेल से शुरू हुई कक्षाओं में लर्न और फन के तहत शिक्षा दी जा रही है। यह एक माह तक जारी रहेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र ने इसके निर्देश दिए हैं।

नवीन शैक्षणिक सत्र में एक अप्रेल से पहली से आठवीं के बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधिया कराई जाएंगी। इसमें मिट्टी की मूर्ति बनाना, खिलौने बनाने सहित काम शामिल हैं। शिक्षक स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। यहां ब्रिज कोर्स भी चलाया जा रहा है। जिसमें किताबी ज्ञान से ज्यादा शिक्षकों के ऊपर पढ़ाई की जिम्मेदारी रखी गई है।




पुराने प्रश्नपत्र को हल कराने के साथ कमजोर विद्यार्थियों की क्लास भी अलग से लगाई जानी है। बुनियादी शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही 15 अप्रैल तक दूसरी, तीसरी, चौथी व पांचवी कथा के बच्चों को अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया जाएगा। 30 अप्रेल तक कक्षाओं का संचालन होगा। इसके बाद गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो जाएगी। सिखाए गए कामों को गर्मी की छुट्टी में दोहराने का काम स्टूडेंट को दिया जाएगा।

### चुनाव ड्यूटी से आ रही परेशानी...

क्लासेस शुरू हुए 5 दिन हो चुके हैं। लेकिन शहर के कुछ स्कूलों पर इस पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया। अधिकांश शिक्षक चुनाव की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसके पूरा होने के बाद वे क्लास में लौटेंगे।

## एक किलो अफीम सहित कंटेनर ड्राइवर सहित 2 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कंटेनर में एक किलो अफीम ले



जाते पंजाब के दो आरोपियों को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर पिपलिया पुलिस ने महू-नीमच मार्ग मीनाक्षी होटल ब्रिज के पास मंदसोर की ओर से आ रहे कंटेनर (एचआर 55 एपी 2618) को रोका, तलाशी के दौरान उसमें एक प्लास्टिक थेली में रखी 1 किलो अफीम बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान पंजाब प्रान्त के मानकपुरा (सराय अमानत खान) निवासी जसवन्तसिंह (43) पिता मंजीतसिंह जाट व कलानौरा (गुरुदासपुर) गुरुपिंदरसिंह (21) पिता लखविंदरसिंह जाट होना बताई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 में केस दर्ज कर कंटेनर व अफीम जब्त की। आरोपियों से अफीम देने वाले आरोपियों के बारे में पूछताछ जारी है।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश, अफीम कुंडा लूटने के लिए की थी हत्या

**[ ✲ टेक्निकल साक्ष्य नहीं, फिल्ड इन्वेस्टीगेशन से मिली सफलता ✲ चार बदमाश गिरफ्तार, चार किलो से ज्यादा अफीम बरामद ]**



**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी थाने के ग्राम लसुड़िया में विगत दिनों एक वृद्धा की हत्या कर बदमाश अफीम लूटकर ले गए। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है। वहीं चार किलो से ज्यादा अफीम बरामद की है। मादक पदार्थो की तस्करी के खेल से जुड़े एक आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। जिसमें तीन अन्य लोगों ने उसका साथ दिया। अभी अफीम की और रिकवरी होना शेष है। बता दे कि इस बार पुलिस के पास टेक्निकल साक्ष्य ना के बराबर थे। इसलिए फिल्ड इन्वेस्टीगेशन कर सफलता प्राप्त की गई।

पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि 27 मार्च की रात को ग्राम लसुड़िया में 70 वर्षीय चंद्रकुंवर पति समंदरसिंह की हत्या कर दी गई। यहां से कुंडे में रखी अफीम भी बदमाश लूटकर ले गए। जांच पड़ताल में पता चला कि मकान के मुख्य एवं अन्दर के प्रवेश द्वार पर कोई भी फोर्स एन्ट्री नही है एवं महिला की पीछे से धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कारित कर कुण्डे में रखी अफीम को लूटकर ले गए है। पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु की। इसके बाद दशरथ पिता ओमप्रकाश चौधरी उम्र 34 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी, अनिल पिता नाथूलाल बावरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी, राहुल पिता रमेशचन्द्र बावरी उम्र 26 साल निवासी ग्राम हरमाला थाना नारायणगढ़, किशोरदास पिता हीरादास बैरागी उम्र 40 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 4 किलो 310 ग्राम अफीम, मोटर सायकल हीरो सुपर स्प्लेण्डर व बजाज प्लेटिना, घटना में प्रयुक्त लोहे का पुराना छरपला बरामद किया है। पुलिस की इस सफलता में मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी, थाना प्रभारी पिपलियामंडी निरी. नीरज सारवान, थाना प्रभारी मल्हारगढ़ निरी. राजेन्द्र कुमार पंवार, थाना प्रभारी नारायणगढ़ निरी. अनिल रघुवंशी सहित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस कप्तान ने अपराध में अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु पूर्व से दस हजार रुपये की ईनाम उद्घोषणा की गयी थी जो कि टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

### ऐसे हाथ आया राहुल...

दरअसल टेक्निकल साक्ष्य नहीं थे। क्योंकि, ग्रामीण क्षेत्र में सीसीटीवी आदि नहीं थे। ऐसे में पुलिस ने फिल्ड इन्वेस्टीगेशन शुरु की। इसमें मंदसौर शहर कोतवाली, वायडी नगर, जीरन, मल्हारगढ़, नारायणगढ़ आदि स्थानो से बल लेकर एक टीम बनाई गई। जिसने करीब 100 लोगो से पूछताछ की। जिसमें जानकारी मिली कि इस मामले में राहुल बावरी का हाथ होने की आशंका है। जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने साले अनिल बावरी व साथी दशरथ चौधरी, किशोरदास बैरागी निवासी ग्राम चावली के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से ग्राम लसुडिया राठौर निवासी चन्द्रकुंवर पति स्व. समन्दर सिंह राठौड़ उम्र 70 वर्ष की हत्या कर दी थी और कुण्डे में रखी अफीम लूट कर ले गये थे।

### निंबाहेड़ा में दशरथ पर दर्ज है एनडीपीएस प्रकरण...

दशरथ जाट शातिर तस्कर होकर उस पर पूर्व में राजस्थान के निम्बाहेड़ा थाने पर धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द होकर जमानत पर है। इस दौरान वह अपने निवास स्थान के आसपास के ग्रामों से अफीम एवं डोड़ाचुरा एकत्र कर गुजरात एवं राजस्थान परिवहन का कार्य करता है। जिसके कारण उसे यह पता होता है कि कहां पर अफीम का उत्पादन ज्यादा या कम हुआ है। ग्राम चावली घटनास्थल ग्राम लसुड़िया राठौर से 2.5 कि.मी. की दूरी पर है, जिसके कारण यह तथ्य दशरथ के संज्ञान में था कि चन्द्रकुंवर वृद्ध महिला होकर अफीम की लुनाई एवं चिराई के समय निम्बाहेड़ा से अपने ग्राम लसुड़िया राठौर आकर अकेले निवास करती है और अफीम को अपने पास कमरे में रखती है। जिसके कारण दशरथ जाट ने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से वृद्ध महिला के घर में प्रवेश कर हत्या की नियत से अफीम लूटने की घटना को अंजाम दिया।

### दो दिन की रिमांड पर आरोपी...

मामले में पुलिस ने हिरासत में लिए गए आरोपी दशरथ पिता ओमप्रकाश चौधरी उम्र 34 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी, अनिल पिता नाथूलाल बावरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी, राहुल पिता रमेशचन्द्र बावरी उम्र 26 साल निवासी ग्राम हरमाला थाना नारायणगढ़, किशोरदास पिता हीरादास बैरागी उम्र 40 साल निवासी ग्राम चावली थाना पिपलियामंडी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। पुलिस अब लूट कर ले जाई गई शेष अफीम की रिकवरी करने के साथ ही मामले में अन्य कौन-कौन शामिल हो सकता है, उनकी जानकारी जुटा रही है।

# कोई साथ रहकर घात कर रहा तो कोई विरोध..!

**[ चुनावी वातावरण में अभी उबाल आना बाकी... ]**

**मंदसौर/उज्जैन, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव हेतु प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की घोषणा होने और उनके द्वारा प्रचार प्रसार शुरू किए जाने के बाद भी आम चुनाव जैसा माहौल बन नहीं पाया है। भाजपा संगठन अनुशासित तरीके से अपने प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के लिए काम कर रहा है। गांवो, शहरों में दौरे चल रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के चुनाव प्रचार की योजना उनकी अपनी टीम के हाथ में है। संगठन दूसरे दर्जे का काम देखता है। कांग्रेस संगठन पर वर्चस्व संसदीय क्षेत्र के एकमात्र विधायक विपिन जैन के हाथों में है, उनके अपने करीबियों ने गुर्जर का अभियान संभाल रखा है और उनके ही पदाधिकारी गुर्जर का विरोध भी करते हैं। दोनों कामों के लिए सौदेबाजी का वातावरण बनाना भी संभावित माना जा सकता है। जिनका जनाधार न के बराबर होता है, वह ऐसे कामों में अग्रणी रहते हैं।



चन्द्रमोहन भगत

दूसरे प्रकार के कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ तो रहते हैं दिखाने के लिए, पर भीतर से घात लगाने का काम करते हैं। इस चुनाव में दोनों प्रत्याशियों के साथ घातियों का काम भीतर ही भीतर चल रहा है। चुनाव लड़ने का अनुभव दोनों को है और चुनाव के जानकारों को ये अनुभूति है कि भाजपा प्रत्याशी ऐसे साथी भीतर घातियों को भले ना पहचान पाए पर संगठन की पैनी नजर से ऐसे लोग बस नहीं पाते हैं। अत: डैमेज कंट्रोल कर लिया जाता है। इसके विपरीत कांग्रेस संगठन में भले ही अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक हो या सांसद अपने ही दल के विघ्न संतोषियों के क्रियाकलापों पर अंकुश नहीं लगा पता है। इसी कारण सार्वजनिक रूप से प्रत्याशी का विरोध किया जाता है और यही चुनाव अभियान में अग्रणी भी हो जाता है। जबकि, भाजपा में ऐसा होना संभव नहीं होता है।

प्रत्याशियों की घोषणा को एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है। किन्तु, चुनावी वातावरण में अभी तक उबाल नहीं आया है। भाजपा के सुधीर गुप्ता के लिए तो पूरे क्षेत्र से लेकर कार्यकर्ता पदाधिकारी सभी जाने पहचाने हैं। जबकि, गुर्जर को अभी तक सारे क्षेत्र और कार्यकर्ताओं से रूबरू होना बाकी है। फिर सुधीर के साथ अनुशासित टीम चल रही है तो गुर्जर के साथ बस भीड़, इसमें भी कितने घात लगाए साथ घूम रहे हैं। स्थानीय नेतृत्व कितना साथ दे रहा है अभी तक गौण है। लेकिन, कितनों की नजरे टेढ़ी पड़ रही है यह देखा जा सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी गुर्जर को जनसंपर्क कर खुद को ही जनमत को प्रभावित करना पड़ रहा है। पार्टी की विचारधारा साथ नहीं दे रही है। जबकि, सर्व धर्म समन्वय का फार्मूला है। इसके अलावा फायर ब्रांड वक्ता भी नहीं है जो क्षेत्र में सभा लेकर प्रत्याशी के पक्ष में वातावरण को उछाल दे सके। इसके उलट भाजपा प्रत्याशी के लिए संगठन ईमानदारी से काम कर रहा है। सभी भाजपाई आज भी मोदी की हवा को अभी भी तूफान ही मान रहे हैं। इसलिए निश्चित भी है अपनी जीत के प्रति। अभी चुनाव में उबाल और जनमत का रुझान सतह पर आना बाकी है। जितना भी चुनावी माहौल हमने बताया वह दोनों दलों के प्रत्याशीयों के साथ है। प्रत्याशियों के आकलन को समझने और अनुमान लगाने वाला वातावरण बनने में अभी एक पखवाड़े का समय लग सकता है। कांग्रेस की राष्ट्रीय लोकप्रियता पैमानित करने के लिए सतह पर सभी को साफ दिख रही है। जबकि, भाजपा सतह से ऊपर दौड़ में बहुत आगे नजर आ रही है। जैसा खेलों की स्पर्धा में जब समय खत्म होने को रहता है तब पिछड़ने वाली टीम या खिलाड़ी के लिए समर्थकों के मुंह से प्रार्थना के शब्द निकलते हैं कि अब परमेश्वर ही कुछ मदद कर कमाल दिखा सकता है। कुछ ऐसे ही कमाल की उम्मीद सिर्फ कांग्रेस ही नहीं सभी विपक्षी दल कर रहे हैं।

इलेक्टोरल बांड, चीन का भारतीय सीमा पर कब्जा, डॉलर के मुकाबले गिरता रुपया, वीवी पेट में बदलाव होना, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, भ्रष्टाचारियो को भाजपा में शामिल होना, बांग्लादेश को ढाई सौ एकड़ के बदले 10 हजार एकड़ भूमि देना, घरेलू सामान का महंगा होना और देश पर विदेशी कर्ज का बोझ जैसे मामलों के कारण जनमत में नाराजी की विस्फोटक स्थिति निर्मित हो जाए तो ऊपर वाले की मेहरबानी से हम जीत जाए! ऐसी उम्मीद करने, कल्पना करने, सपने देखने से किसी को रोका तो नहीं जा सकता है। इसका अंत इस शेर से भी समझा जा सकता है।

'उसका ऐलान है कि वह मजे में है,
या तो वह फकीर है या फिर नशे में है।'

## खजुराहो सीट से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त, जीतू पटवारी ने बताया वोट के अधिकारों का हनन




**भोपाल, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त हो गया है। इंडी गठबंधन की ओर से मप्र में सपा को दी गई एक मात्र सीट पर सपा ने मीरा यादव को प्रत्याशी बनाया था। नामांकन फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करने और पुरानी नामावली के चलते पन्ना जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने नामांकन निरस्त कर दिया है।

बता दें खजुराहो से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रत्याशी हैं। समझौते के चलते कांग्रेस ने खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी थी। नामांकन पत्र जमा करने के समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव, विवेक तन्खा सहित अन्य वरिष्ठ नेता पहुंचे थे।

नामांकन निरस्त होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ये लोकतंत्र के साथ मजाक है। जनता के वोट के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पटवारी ने कहा कांग्रेस पार्टी, इंडी गठबंधन और समाजवादी पार्टी इसका विरोध करेगी।

## बाइक से गिरी महिला, मौत

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के जूना बाजार की रहने वाली एक 50 वर्षीय महिला की बाइक से गिरकर दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया है कि महिला रेखा पति देवी सिंह की तबीयत खराब थी। जिसके बाद वह अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर बड़े अस्पताल जा रही थी। बताया जा रहा हैं कि नीमच कृषि उपज मंडी के समीप महिला अचानक से संतुलन बिगड़ने के चलते बाईक से गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल राहगीरों की मदद से महिला को नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही शुक्रवार को परिजनों की मौजूदगी में महिला के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## वध के लिए 5 गौवंश ले जाते 3 आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने पिकअप वाहन में गौवंश तस्करी करते 3 आरोपियों को पकड़ा। आरोपी गौवंश को धुलिया (महाराष्ट्र) वध के लिए ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महू-नीमच मार्ग थाने के सामने नीमच की ओर से आ रही पिकअप (एमएच 20 जीसी 3803) को रोका, तलाशी के दौरान उसमें 5 गौवंश क्रूरतापूर्वक भरा होना पाए गए। पूछताछ... शेष पेज 4 पर



# राष्ट्र स्तरीय एडवेंचर कैंप प्रारंभ-देवड़ा

## 8 राज्यों से 48 एनसीसी कैडेट्स ने लिया भाग

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जवाहर पर्वतारोहण शीतकालीन खेल संस्थान पहलगाम जम्मू कश्मीर में भारत सरकार के द्वारा आयोजित 15 दिवसीय एडवेंचर कोर्स पहलगाम जम्मू कश्मीर में दिनांक 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें 8 राज्यों के 48 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे है। यह कोर्स भारतीय सेना के कर्नल हेमचंद्र सिंह, एवं प्रशिक्षण अधिकारी कैप्टन श्रुति गौडा, के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है जिसमें भारतीय सेना के प्रशिक्षक एवं पर्वतारोही सूबेदार शौकत मीर, नायब सूबेदार भारत सिंह रावत, सीएचएम निर्मल सिंह, हवलदार अजय कुमार, हवलदार खेराज, इंस्ट्रक्टर मुजफ्फर लोन, लक्ष्मण सर, गर्ल्स इंस्ट्रक्टर लडोल मैडम, के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है आज प्रशिक्षण का पांचवा दिन है प्रशिक्षण के दौरान सूबेदार शोभित गुरुंग के द्वारा सर्वप्रथम माउंटेन से संबंधित सभी उपकरणों को दिखाकर उनका कार्य एवं किस प्रकार उपयोग में लाया जाता है उसे रूबरू कराया, सीएचएम निर्मल सिंह द्वारा नोट और हिचस की क्लास ली गई, एवं पर्वतारोहण संस्थान के प्राचार्य कर्नल हेमचंद्र सिंह द्वारा सभी कैडेट्स का स्वागत उद्बोधन दिया एवं देशभक्ति हेतु सभी छात्रों को प्रेरित किया। प्रतिदिन प्रोग्राम के अनुसार गतिविधियां करवाई जा रही है जिसमें प्रतिदिन 5 किलोमीटर मौसम के अनुसार डालने हेतु रनिंग, एक्सरसाइज के साथ रॉक क्लाइंबिंग, रैपिंग, करवाई गई एवं उनके प्रिंसिपल्स बताए गए साथ ही आज बाय सुरंग पहला ट्रैक कैडेट्स द्वारा पूरा किया गया जिसमें सबसे छोटी उम्र 10 वर्ष के छात्र मंदसौर जिले से मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एनसीसी के डेटस एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के बच्चे इस कोर्स में शामिल हुए जिसमें मंदसौर सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट गाइड के 18 छात्र छात्राओं वहीं लोटस वैली स्कूल से 1 छात्र, द स्टडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बडी उदयपुर राजस्थान से 1 छात्र यह सभी छात्र जिला मंदसौर पर्वतारोहण संस्थान के नेतृत्व में पर्वतारोहण प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा ने बताया कि ट्रूप कमांडर एवं पर्वतारोही जितेंद्र कनौजिया के नेतृत्व में मंदसौर जिले से जो टीम राष्ट्रीय स्तरीय एडवेंचर कैंप के लिए रवाना हुई है यह मंदसौर के लिए गर्व की बात है, मैं उन सभी युवाओं को कहना चाहूंगा कि एडवेंचर स्पोर्ट्स में सभी छात्रों को भाग लेना चाहिए और ट्रैकिंग, माउंटेनियरिंग एवं क्लाइंबिंग, स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियां को करना चाहिए यह सभी गतिविधियां करने से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर सेंट थॉमस विद्यालय प्राचार्य सिस्टर ज्योतिस ने कहा कि विद्यालय के साथ-साथ मंदसौर जिले के लिए बहुत ही गर्व की बात है की माता-पिता अपने बच्चों को कम उम्र में इस तरह की गतिविधियों में भेज कर उनके डर खोलते हैं ताकि बच्चा आगे बढ़कर अच्छे कार्यों में भाग ले सके एवं आत्मनिर्भर बन सके राष्ट्रीय स्तरीय एडवेंचर कैंप में चयन होना और कोर्स को पूरा करके ए ग्रेडिंग में उत्तीर्ण होना एक बहुत ही बडी उपलब्धि है। इस अवसर पर 5 मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी नीमच के कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान, मन्दसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉ. क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, पदेन उपाध्यक्ष विजेंद्र देवडा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह पुरावत, उपाध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल, सचिन जैन, राकेश श्रीवास्तव, माउंटेनियर जेनिश बर्दिया सहसचिव, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, ललित कुमार परमार, आदि ने बधाई दी एवं छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# घाणावार तेली समाज का होली मिलन समारोह आज

## कल मनेगा मां कर्मादेवी जन्मोत्सव, निकलेगी शोभायात्रा

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं नाहरसिंह माता मंदिर समिति घाणावार तेली समाज मंदसौर द्वारा दो दिवसीय आयोजन के तहत आज 6 अप्रैल, शनिवार को होली मिलन समारोह एवं कल 7 अप्रैल, रविवार को माँ कर्मादेवी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

घाणावार तेली समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश डगवार, सचिव विष्णु डगवार, माँ कर्मादेवी जन्मोत्सव आयोजन समिति अध्यक्ष विकास दशोरा ने बताया कि आज 6 अप्रैल, शनिवार को समाज का होली मिलन समारोह (तेरस गोठ) का आयोजन घाणावार तेली समाज धर्मशाला नयापुरा रोड मंदसौर पर होगा जिसमें दोप. 1 बजे भगवान श्री चारभुजानाथजी का अभिषेक एवं सायं 6 बजे से भोजन प्रसादी कार्यक्रम होगा। माँ कर्मादेवी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कल 7 अप्रैल, रविवार को प्रातः 9 बजे समाज द्वारा श्री चारभुजानाथ मंदिर नयापुरा रोड से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें मुख्य आकर्षण माँ कर्मादेवी का भव्य रथ होगा जिसमें माँ कर्मादेवी की भव्य तस्वीर विराजित होगी। साथ ही दाहोद के ढोल ताशे, मंदसौर के प्रसिद्ध ढोल, घोडी, बैण्डबाजे व घोडी रहेंगे। साथ ही पुरुष सफेद परिधान व महिलाएं लाल व पीली चुनरी या साडी में सम्मिलित होंगी। शोभायात्रा मार्ग में अनेक जगह स्वागत भी किया जाएगा। शोभायात्रा चारभुजानाथ मंदिर से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड, महू-नीमच रोड, रामटेकरी होते हुए माँ कर्मादेवी उद्यान तेलिया तालाब पर समापन होगा। जहां माँ कर्मादेवी की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात् समाजजनों की भोजन प्रसादी सम्पन्न होगी। श्री चारभुजानाथ घाणावार तेली समाज के सभी महानुभाव से उक्त आयोजनों में सपरिवार सम्मिलित होने की अपील की है। साथ ही निवेदन किया है कि इस दिन सभी समाजजन अपने-अपने व्यापार व्यवसाय बंद रख आयोजन में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाकर सामाजिक एकता का परिचय देवे।




## अनुराग मतदान जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मतदान, स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 7 अप्रैल 2024, रविवार को प्रातः ठीक 8.30 बजे घंटाघर से प्रारम्भ होकर सदर बाजार, सम्राट मार्केट, कालिकामाता रोड, केशव नगर, गौतम नगर (कालाखेत) क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रातः 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल घंटाघर, मंदसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## जावद एवं सिंगोली क्षेत्र में आज रंग तेरस का स्थानीय अवकाश घोषित

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद से प्राप्त संशोधित प्रस्तावं अनुसार उपखण्ड जावद में तहसील जावद एवं सिंगोली क्षेत्र में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गये है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार उपखण्ड जावद की तहसील जावद एवं सिंगोली के लिए आज 6 अप्रैल 2024 शनिवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही उपखण्ड जावद क्षेत्र में 14 सितम्बर 2024 शनिवार को डोल ग्यारस तथा एक नवम्बर 2024 शुक्रवार को गोर्वधन पूजा दिपावली के दूसरे दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।



## धार्वे ने किया नप कुकड़ेश्वर का निरीक्षण

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री चंद्रसिह धार्वे ने शुक्रवार को नगर परिषद कुकडेश्वर का निरीक्षण कर, पेयजल स्त्रोत का जायजा लिया। उन्होकने नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण भी किया और पाई गई कमियों को पूरा करने के लिए मुख्य्‍ नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही मतदाता जागरूकता अंतर्गत पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन का कार्य करवाने और मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्धे कराने के निर्देश भी सीएमओ को दिए।




# जावद में युवाओं को मतदान की शपथ दिलाई

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवाओ में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु खेल, रस्सा कशी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान की शपथ दिलाई। खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वधान मे छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताया और मतदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

## मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज, लोकसभा प्रत्याशी गुर्जर करेंगे सम्बोधित

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि मन्दसौर नीमच जावरा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह जी गुर्जर कल दिनांक 6 अप्रैल शनिवार को शाम 4.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन मन्दसौर पर मन्दसौर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन एवं वरिष्ठनेतागण भी मौजूद रहेंगे। डॉ तोमर ने शहर ब्लॉक कांग्रेस के सभी मंडलम अध्यक्षगण,सेक्टर अध्यक्षगण, सभी बीएलए,सभी वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण,सभी पार्षद पद के प्रत्याशी गण, मन्दसौर शहर में निवासरत जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, शहर ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारीगण, मोर्चा, विभाग,प्रकोष्ठ के सभी शहर के पदाधिकारीगण, सभी वरिष्ठ नेतागण सभी कार्यकर्तागण से बैठक में सहभागिता की अपील की है।

## कलेक्टर ने जारी की गाईड लाईन

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 के अधीन राज्या शासन व्दारा यथावर सम्पत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु बनाए गए नियमों मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन एवं भारत निर्वाचन आयोग व्दाजरा गाईड लाइन वित्तीयय वर्ष 2024-25 को लागू किये जाने संबंधी विभागीय प्रस्ताव पर अनापत्ति उपरांत कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति, जिला नीमच श्री दिनेश जैन व्दारा म.प्र. अचल संपत्ति के मूल्यांकन हेतु गाईड लाइन वर्ष 2024-25 को नियम-4(2)(घ) के अंतर्गत जारी किया गया है। यह गाईड लाईन 3 अप्रेल 2024 से प्रभावशील होकर विभागीय वेबसाइट https://www.mpigr.gov.in पर उपलब्ध होगी।

## मतदाता जागरूकता के अंतर्गत बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर किया जा रहा सम्मान



**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर सम्मान किया जा रहा है एवं उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। उनको बताया जा रहा है कि वह बिना लाईन में लगे मतदान कर सकते है उन्हे लाईन में लगने की आवश्यकता नहीं है। मतदान के माध्यम से जितनी अधिक मतदाता की भागीदारी होगी उतना ही लोकतंत्र मजबूत बनेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन हो सकेगा। मतदाता जागरूकता गतिविधियों अन्तर्गत जिले के ग्रामो में मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प लेते है कि अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म व जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें ।

## संजीत में रस्साकस्सी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप प्लान के तहत रस्साकस्सी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं को मतदान की शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अन्तर्गत मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प लेते है कि अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म व जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें ।

## मालवी जीनगर समाज का होली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मालवी जीनगर समाज मंदसौर का होली मिलन समारोह (रंगतेरस गोठ) एवं समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह 7 अप्रैल, रविवार को श्री श्रवण महादेव मंदिर परिसर, खिलचीपुरा मंदसौर पर किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आयोजन भी होंगे।

उक्त जानकारी देते हुए मालवी जीनगर समाज मंदसौर के सचिव महेश सिसौदिया ने बताया कि 7 अप्रैल को श्री श्रवण महादेव मंदिर परिसर, खिलचीपुरा में प्रात: 11 बजे माँ सरस्वती पूजा एवं वंदना, प्रात: 11.30 बजे स्वागत उद्बोधन, दोप. 12 से 1 बजे तक नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतियोगिता, दोप. 2 से 2.45 बजे महिला चेयर रेस, दोप. 3.15 बजे वर्ष 2022-23 में कक्षा 5वी, 8वीं, 10 व 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह, दोप. 3.45 बजे श्रवण महादेव की महाआरती तत्पश्चात् सायं 4 बजे समाजजनों का सहभोज (गोठ) का आयोजन होगा। मालवी जीनगर समाज कल्याण समिति मंदसौर ने सभी समाज बंधुओं से समय पर उपस्थित होकर सामाजिक एकता का परिचय देने की अपील की है।

## वेतन भुगतान में नीमच जिला लगातार चौथी बार प्रदेश में नंबर वन

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त कोष एवं लेखा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्ग दर्शन में जिला कोषालय नीमच द्वारा जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत के विशेष प्रयासों से नीमच जिला अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय सेवकों के वेतन भुगतान में लगातार चौथी बार प्रदेश में नंबर वन रहा है। विभाग द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार नीमच जिला मार्च 2024 पेड इन अप्रैल 2024 के वेतन भुगतान में प्रदेश में नंबर एक पर रहा है। इसके पहले भी लगातार गत तीन महीनो से नीमच जिला प्रदेश में वेतन भुगतान के मामले में अव्वल रहा है। इस तरह नीमच जिले को यह चौथी बार लगातार उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री सुरावत ने अधिनस्थ स्टाफ एवं सभी आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए, उनका आभार व्यक्त किया है।

## घोषणा पत्र में मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम और पता का उल्लेख आवश्यक

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार सामंग्री मुद्रित कराई जाती है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने कहा है, कि चुनाव प्रचार सामग्री मुद्रित कराते समय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रवधानों का पालन करें। इसकी धारा 127-क के अंतर्गत निजी मुद्रणालय (प्रिंटिंग प्रेस) के स्वामियों को चुनाव प्रचार सामंग्री के संबंध में उद्घोषणा पत्र देना आवश्यक है। उद्घोषणा पत्र तथा प्रिंट लाइन में मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना आवश्यक है।




## मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरूक हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।

## छात्रावासों में सभी स्वीकृत सीटें भरने का पूरा प्रयास करें-जैन

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी छात्रावासों में स्वीशकृत सीटों के अनुपात में शत-प्रतिशत सीटें भरने का प्रयास किया जाये। पालकों, विद्यार्थियों को प्रेरित कर छात्रावासों में विद्यार्थियों का प्रवेश करवाये। यह सुनिश्चित करें, कि छात्रावास में कोई भी सीट खाली ना रहे। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आगामी सत्र में छात्रावासों में रिक्ते सीटों के विरूद्ध प्रवेश की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सहित आदिम जाति कल्याण, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सभी छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने एक-एक कर छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि छात्रावासों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाये। विशेष कक्षाएं संचालित कर, परीक्षा परिणाम में सुधार के भी विशेष प्रयास किये जाये। उन्होने छात्रावासों में स्वी कृत सीट चालू वर्ष में प्रवेश व रिक्त सीटों की संख्या की समीक्षा की और रिक्त सभी सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के विशेष प्रयास करने के निर्देश अधीक्षकों को दिए। कलेक्टर श्री जैन ने चीताखेडा के दो छात्रावासों में पिछले कुछ वर्षो से काफी कम प्रवेश पाये जाने पर छात्रावासों में प्रवेश के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्र पहुंच कर, मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

## कलेक्टर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता की अभिनव पहल...

# जिले में पर्यावरण एवं मतदाता जागरूकता अभियान 8 से 25 अप्रैल तक चलाया जायेगा

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टंर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में 8 से 25 अप्रैल 2024 तक जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों एंव कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इसके लिए तिथिवार केलेण्डर निर्धारित किया गया है।



पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 8 अप्रेल सोमवार को पर्यावरण सरंक्षण एवं ऊर्जा बचत के लिए, पेट्रेल, डीजल वाहनों का उपयोग नही करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारी साईकिल से अपने कार्यस्थल पर पहुचेगें अथवा कार पुलिंग करेगें। शुक्रवार 12 अप्रैल शुक्रवार को सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों में नान एसी, कूलर डे रहेगा और एसी, कूलर का उपयोग नही किया जायेगा। इसके लिए आमजनों को भी प्रेरित किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत का एनर्जी ऑडीट भी करवाया जायेगा। सोमवार 15 अप्रैल को जिले की सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में मटके का पानी पेयजल हेतु आमजनों को प्रेरित किया जायेगा और मटकों का वितरण भी किया जायेगा। मंगलवार 16 अप्रैल को बेस्टज आउट ऑफ वेस्टे प्रतियोगिताएं सभी कॉलेजों एंव शालाओं में आयोजित की जायेगी। गुरूवार 18 अप्रैल को आमजनों को कपडे.की थेलियों का वितरण भी किया जायेगा एंव नगरीय क्षेत्रों में कपडे.की थेलियों के लिए वेडिंग मशीन लगाई जायेगी। इसी तरह शुक्रवार 19 अप्रैल को दानदाताओं को प्रेरित कर पुराने कपडों एंव किताबों का संग्रह किया जायेगा। सोमवार 22 अप्रैल को सभी नगरीय एंव ग्रामीण क्षैत्रों में पक्षियों को पानी पीने की व्यावस्थार करने हेतु साकोरों का वितरण कर, सकोरों लगाये जायेगें। मंगलवार 23 अप्रैल को सभी नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों में प्रात: 6 से 11 बजे तक प्रतिवार्ड , प्रति पंचायत 10 किलों ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित की जायेगी और प्रात: 11 से 2 बजे तक जनपद एंव नगरीय निकायों में जमा करवाई जायेगी। तथा शाम 5 बजे तक एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक को नगर पालिका नीमच के ट्रेचिंग ग्रांउण्ड में उपलब्धब कराया जावेगा। बुधवार 24 अप्रैल को सभी जनपद सीईओ के माध्यमम से ग्राउण्ड वॉटर , रिचार्ज के लिए हर पंचायत के कुएं, बोरवेल एवं तालाब इत्यावदि का रिर्चाज करवाने 20 हितग्राहियों का चिन्हांपकन किया जायेगा। गुरूवार 25 अप्रैल को उद्यानिकी, जनपद एवं सभी विभागों द्वारा कलेक्टयर कार्यालय नीमच में तुलसी, गिलोई, मीठा नीमच के पौधों की उपलब्धजता सुनिश्चित कर, स्टॉटल लगाकर विक्रय किया जायेगा। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिले के नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रमों में अपनी सक्रीय भागीदारी निभाने और अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## सौतले बेटों पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने सौतेले बेटों पर केस दर्ज किया। बण्ड पिपलिया निवासी सुमनबाई पति राधेश्याम बावरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे सौतेले बेटे जितेन्द्र व शोकिन आए और बोले कि एफडी व रकम हमें दो, नही देने पर गाली-गलौज कर लात-घुसों से पीटा, पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## लावारिस बरामद हुआ 221 किलो डोडाचूरा..!

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्राली में लावारिश डोडाचूरा बरामद किया। जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर पिपलियामंडी-मनासा मार्ग बादरी फन्टे पर नाकाबन्दी की, इससे पहले ही ड्राइवर ट्रेक्टर-ट्राली को छोडकर भाग निकला। तलाशी के दौरान 13 कट्टों में भरा 221 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।

## तलवार के साथ 2 धराए

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने धारदार तलवार के साथ आरोपी को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने तलवार से आमजन को भयभीत कर रहे हाथीबोलिया निवासी राकेश पिता कंवरलाल डांगी व माल्याखेरखेड़ा निवासी दिनेश पिता अम्बालाल धोबी को अलग-अलग मामलों में पकडा। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

## देशी कट्टे के साथ आरोपी धराया

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने देशी कट्टे के साथ आरोपियों को पकडा। मल्हारगढ़ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नीमच से मंदसौर जा रहे बिना नम्बर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रोका, तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान हाडी पिपलिया (मनासा) निवासी राजू उर्फ राजदीप (20) पिता सुरेश बाछ्डा होना बताई। पुलिस ने कट्टा जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

## हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी को जैल भेजा

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हत्या के मामले में फरार एक ओर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार गांव रायसिंह पिपलिया में शांतिलाल सूर्यवंशी के हत्या के मामले में पुलिस ने गोविन्द पिता सुरेशचन्द सूर्यवंशी व उसके साथी धर्मेन्द्रसिंह पिता रामसिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं हत्याकांड में शामिल गोविन्द के सगे मामाम उंझाखेडी निवासी महेश उर्फ बबलू को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार महेश ने आरोपियों को भगाने में मदद की थी।



# पीठासीन अधिकारी व सहयोगी मतदान दल कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न

## मतदान के कार्यों को तीव्रता एवं गुणवत्ता से पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** 23 मंदसौर संसदीय क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान को सूचारू रूप से संचालन व सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी एवं अन्य सहयोगी मतदान दल कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से डिजीटल रूप से प्रोजेक्टर/ कम्प्यूटर/ लेपटाप के माध्यम से पीपीटी के द्वारा दिया जा रहा हैं। जिससे की प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन के नियमों एवं प्रमुख बिन्दुओं की जानकारी अक्षरश: प्राप्त हो सकें। उक्त प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा हैं। प्रथम सत्र प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान दल के कर्तव्य व दायित्वों एवं कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र दोपहर 1.30 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें मतदान दल कर्मियों को ईव्हीएम व वीवीपैट का हेण्ड-आन गहन प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मतदान दल कर्मियों को लोक सभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि लोकसभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित हो सकें।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के नवीन अनुदेश बताये गये। जिसमें मतदान के लिए वैकल्पिक दस्तावेज, मतदाताओं के लिये मतदाता सूचना पर्ची, मतदान दलों के लिए ग्रीन पेपर सील, प्रशिक्षण में बताए बिंदु प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को दी जाने वाली सामग्री जैसे इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट मशीन, निविदत्त मतपत्र, मतदाताओं का रजिस्टर, निर्वाचन नामावली की चिहिन्त प्रतिया, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा प्रारूप, नामावली की अतिरिक्त प्रतियां, ग्रीन पेपर सील, स्ट्रीप सील, संविधिक प्रारूप, सिलिंग बैक्स अमिट स्थाई का मिलान करना, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली व्यवस्था एवं मतदान केंद्र के 100-200 मीटर की परिधि में की जाने वाली व्यवस्थाएं, पीठासीन अधिकारी एवं अन्य कर्मियों के कार्य व अधिकार, किस प्रकार माकपोल किया जाए, मतदाता की पहचान किस प्रकार सुनिश्चित करते हुए मतदाता से मतदान कराया जाएगा, मतदान समाप्ति के बाद किस प्रकार ईव्हीएम एवं वीवीपैट को मोहर बंद कर स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा, मतदान के दिन मतदान में मतदाता के अतिरिक्त कौन-कौन से लोग प्रवेश कर सकते उनके पास कौन से दस्तावेज होना आवश्यक है, मतदाता की पहचान किस प्रकार की जाएगी नि:शक्त मतदाता किस प्रकार मतदान कर सकेंगे आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम व वीवीपैट का हेण्ड आन प्रशिक्षण भी दिया, निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को छोटे छोटे समूह में इलेक्ट्रॉनिक ईव्हीएम, वीवीपैट के संचालन के बारे में विस्तार से पीठासीन अधिकारी एवं अन्य सहयोगी मतदानदल कर्मियों को अवगत कराया।

# रग्बी खेलने वालों को मिली खेल छात्रवृत्ति, खिलाड़ियों में उत्साह

**बड़वन, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर से रग्बी के चार खिलाडियों को राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल मैं रजत पदक प्राप्त करने के उपलक्ष में 2022-23 खेल छात्रवृत्ति खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा रग्बी के चारों खिलाड़ियों को 8 हजार रुपए प्रत्येक खिलाडी को खेल छात्रवृत्ति प्रदान की गई। जिसमें विश्वराज सिंह तंवर, दर्शना पाटीदार, लक्ष्मी पाटीदार, दिव्या पाटीदार श्री जै. के. पब्लिक स्कूल सीतामऊके विद्यार्थी हैं, खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर जिला अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्रीमान विजेंद्र देवड़ा, और शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी श्री बंसीलाल बारीवाल जी, मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल महासचिव श्री अबरार अहमद शेख मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल टेक्निकल डायरेक्टर संदीप यादव , जिला रग्बी फुटबॉल अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, विजय वर्मा, पंकज शर्मा, स्कूल संचालक श्री निशिद जी बरडिया, स्कूल प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा रूनवाल मैम, मधुसूदन पाटीदार कबड्डी संघ अध्यक्ष, पूर्व कीड़ा अधिकारी अशोक जी शर्मा पीजी कॉलेज खेल अधिकारी राजू सिंह अविनाश उपाध्याय हॉकी कोच श्रीमती अनुया कुलकर्णी तलोदा कॉलेज खेल अधिकारी रजाक सर छखड कोच मुकेश भटेवर, ब्लॉक समन्वयक गोपाल, धनगर,मयूर सिंह राठौड़, प्रियंका प्रजापत नरेंद्र सिंह सिसोदिया बास्केटबॉल कोच सीतामऊ, नितेश मकवाना एवं जिला रग्बी फुटबॉल सचिव रग्बी, कोच जैनुल आबेदीन सहिता। जिले के समस्त खेल प्रेमियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उनको बधाई दी। यह जानकारी जिला रग्बी मीडिया प्रभारी चैन सिंह पवार, हिम्मत सिंह जी चौहान ने दी।



Vishvaraj Singh | Divya Patidar | Darshana Patidar | Lakshmi Patidar

## शराब सहित 5 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ पुलिस ने 15-15 लीटर शराब के साथ पाडलिया मारु निवासी नगीना व ज्योति को, 12-12 लीटर शराब के साथ निरधारी निवासी प्रिया व कमलाबाई को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ पिपलिया सोलंकी निवासी मांगीलाल पिता औंकारलाल भाट को पकड़ा। आरोपियों पर आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# मंदसौर एम आर यूनियन ने श्रम अधिकारी को दिया ज्ञापन




**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मेडिकल और सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन की मंदसौर शाखा द्वारा मंदसौर श्रम अधिकारी प्रकाश डोडवे को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

एम आर यूनियन मंदसौर शाखा के अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश की सभी शाखाओं में हमारी विभिन्न मांगों को लेकर यह ज्ञापन दिए जा रहे हैं। इसके पूर्व भी हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा श्रम मंत्री बृजेश प्रताप सिंह जी को हमारी मांगों से अवगत कराया गया था और एक राज्य स्तरीय धरना भी भोपाल में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में दवा प्रतिनिधि कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। किंतु अभी तक हमारी मांगों पर कोई उचित कार्रवाई मध्य प्रदेश राज्य शासन द्वारा नहीं की गई है। हमारी मांगों में मध्य प्रदेश राज्य में कार्यरत दवा प्रतिनिधियों हेतु 8 घंटे का कार्य सुनिश्चित करना, न्यूनतम वेतन 26,000 निर्धारित करना, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2(I) में दवा एवं बिक्री प्रतिनिधियों को कर्मकार की परिभाषा में समायोजित करना, सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज एक्ट 1976 तथा दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों पर लागू अन्य सभी श्रम कानूनो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना इत्यादि शामिल है। ज्ञापन का वाचन सह सचिव महेश धनोतिया ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, विनोद बसेर, देवेंद्र सिंह चौहान, विनोद गुप्ता, नीरज माली, आयुष जैन, वैभव शर्मा, अंकित गुप्ता, दशरथ माली, सुरेंद्र सिंह, कन्हैयालाल इस्त्यादि उपस्थित थे।

## दो आरोपी जिला बदर

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत दो आरोपियों को क्रमश: तीन एवं छह माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी सुमित सिह पिता राजेन्द्र सिह राठौड निवासी भोलाराम कमाउण्ड नीमच थाना नीमच को 3 माह एवं आरोपी मुकेश पिता सारगदास उर्फ सालगदास बैरागी निवासी मोया थाना कुकडेश्वर को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त दोनो आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैकन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्वा सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगें। उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना नीमच केंट एवं कुकडेश्वर में विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज होकर, विचाराधीन है।

## श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का अभा युवा युवती परिचय सम्मेलन 26 मई को देवास में

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज का अखिल भारतीय युवा युवती परिचय सम्मेलन म प्र प्रांतीय सभा के आव्हान पर देवास जिला गुर्जर गौड ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में आगामी 26 मई 2024 रविवार को मिलाप गार्डन सर्किट हाउस के पास भोपाल देवास में आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन के संयोजक कमलेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आयोजन सम्मेलन एवम जिला सभा के संरक्षक तथा अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद व्यास के मार्ग दर्शन में आयोजित किया जायेग जिसकी व्यापक तैयारियां चल रही है। सम्मेलन में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के अविवाहित युवा युवतियों की प्रविष्टि ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों पद्धति से आमंत्रित की गई है। प्रविष्ठियां निरंतर प्राप्त हो रही है। प्रविष्ठिकी अंतिम तारीख 30 अप्रेल निर्धारित की गई है। समस्त स्व जाति बंधुओ से अनुरोध किया गया है कि अपने परिवारों के अविवाहित बच्चों की प्रविष्ठि समयावधि में भेजे जिससे उनका परिचय व जानकारी स्मारिका में प्रकाशित की जा सके । सम्मेलन सम्मिलित होने वाले महानुभावों का यथोचित स्वागत सत्कार किया जाएगा । सम्मेलन में इस बार नवाचार करते हुए समाज की विधवा , विधुर , तलाक शुदा , नेत्र हीन तथा दिव्यांगों की भी प्रविष्ठियां प्राप्त की गई है। सम्मेलन में राजस्थान , गुजरात , आसाम, पंजाब , हरियाणा , तमिल नाडु, तथा मध्य प्रदेश के करीबन 2000 स्व जाति बंधु उपस्थित होंगे सभी के लिए व्यवस्था की जा रही हे। शीघ्र ही सम्मेलन की समितियों का गठन किया जाएगा।सम्मेलन के जिला अध्यक्ष श्री सुनील शर्मा ने सभी जिलों के समाज के जिला अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि अपने अपने जिले से समाज के स्वजनो को सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करे जिससे समाज के परिवारों को इस सम्मेलन का लाभ मिल सके। और अपने बच्चों के लिए एक ही मंच के तले रिश्ते देख सकें।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई शपथ

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है।



# 10 वर्षो में ससंदीय क्षेत्र की तस्वीर बदली- गुप्ता

**मंदसौर/नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की तकदीर और तस्वीर बदली है। 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार व्याप्त था। 2014 में मोदी सरकार आने के बाद देश ने विकास की रफ्तार पकड़ी। दुनिया ने भी भारत का लोहा माना है। उक्त बात लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा ग्रामीण मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

शुक्रवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने जावरा ग्रामीण मंडल के माननखेड़ा, पिपलिया जौधा, हनुमंतिया (पंथमेलकी), मार्तण्डगंज, धतरावदा, पिपल्याकीर, असावती, मरम्या, शक्करखेडी, माण्डवी, गोन्दीधर्मसी, गोन्दीशंकर, नेतावली, रोला, मोरिया, मोयाखेडा, ढोढर, परवलीया, रिच्छाचांदा, भैसाना, मुंडलाराम, झालवा, भीमाखेडी, रोजाना में जनसंपर्क कर भाजपा को वोट कर मोदी सरकार बनाने की अपील की। सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्षों में संसदीय क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए है। नल-जल से घरों में पानी पहुंच रहा है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर काम किया है। भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को फोकस कर आम लोगों के हित में विकास कार्य किया है। भाजपा गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों की सरकार है। आज देश में 25 करोड से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से बाहर आए है। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी मोदी सरकार ने कई कदम उठाएं और योजना बनाई। आज किसानों को सीधे बैंक खातों में आर्थिक सहायता मिल रही। इसी के साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों एवां कार्यकर्ताओं भी आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को प्रचंड बहुमत से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने का बात कही। देश को विकास की उंचाई की ओर अग्रसर ले जाने का कार्य करें। लगातार मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम पिपलियासीर में मंगलसिंह आंजना ने कांग्रेस छोड भजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# आज जिले के समस्त 1133 बूथों पर मनाया जाएगा भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द जी शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है, इसी क्रम में मंदसौर जिले में भाजपा जिला भाजपा संगठन के नेतृत्व में मंदसौर जिले के समस्त 18 मंडलों के 1133 बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। भाजपा स्थापना दिवस के बूथ स्तर के कार्यक्रमो में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद एंव प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, लोकसभा चुनाव संयोजक एंव पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, केबीनेट मंत्री बाबुलाल बंजारा, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधायकगण हरदपसिंह डंग, चन्दरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, कैलाश चावला, राधेश्याम पाटीदार, राजेन्द्रसिंह सिसौदिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मछुआरा प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक बाबुलाल चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, जिला महामंत्रीगण गणपतसिंह आंजना, राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष मंदसौर रमा देवी गुर्जर सहित समस्त जनप्रतिनिधि गण एंव वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। जिले के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने बूथों पर प्रात: 9:00 बजे भाजपा का झंडा फहराया जाएगा। अत: समस्त मंडल अध्यक्ष गणों से आग्रह है कि वे अपने-अपने बूथों पर प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को निर्धारित समय पर संपन्न कराने का कार्य संपादित करें।

## ग्वाला समाज का ब्रज महोत्सव आज

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्रीकृष्ण ग्वाला गवली यादव सामाजिक संस्था द्वारा आज ब्रज महोत्सव (होली मिलन समारोह) का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मंदसौर के साथ ही आसपास क्षेत्रों एवं राजस्थान से भी समाजजन शामिल होंगे। ब्रज महोत्सव की तैयारियों के संबंध में गुरूवार को बैठक भी आयोजित हुई। श्रीकृष्ण ग्वाला गवली यादव सामाजिक संस्था के जिलाध्यक्ष अनिल मसानिया एवं नगर अध्यक्ष किशोर ग्वाला ने बताया की समाज द्वारा आज 6 अप्रैल शनिवार को भव्य ब्रज महोत्सव (होली मिलन समारोह) मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम चार बजे नयापुरा रोड कर्मचारी कालोनी स्थित समाज के श्री राधाकृष्ण मंदिर पर आरती की जाएगी। आरती के पश्चात ब्रज महोत्सव यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा नयापुरा रोड, शुक्ला चौक होते हुए श्री पंच कचेलिया तेली समाज धर्मशाला पहुंचेगी। यहां पर सभी समाजजन एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं देंगे। पश्चात समाज का सामूहिक भोज का आयोजन होगा।



## दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को घर पर वोटिंग एवं मतदान केंद्रों पर एएमएफ सुविधा मिलेगी

**नीमच, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान के दौरान आवश्यक मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बंध में जिला स्तरीय समिति के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। डिप्टी कलेक्टयर सुश्री मयूरी जोक ने बताया कि इस बैठक में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्रों पर मुलभूत सुविधाए जैसे मतदान केंद्र पर रेम्प ,पेयजल ,शौचालय ,बिजली ,छायादार टेंट,पार्किंग व्यवस्था, पर्याप्त फर्नीचर ,श्रवण बाधित दिव्यांगजनो के लिए विशेष व्यवस्था व सहयोगी, हर मतदान केंद्र व्हीलचेयर की व्यवस्था,दृष्टिबाधित के लिए सहयोगी एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठनागरिको एवं ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत से अधिक है, जिनका नाम मतदाता सूची में फ्लेग किया गया है। उन्हें बीएलओ के माध्यम से फार्म 12डी के माध्यम से घर पर वोटिंग सुविधा प्रदान करने के संबंध में प्रचार प्रसार एवं सक्षम एप्लिकेशन का प्रचार प्रसार कर लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार करने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही बैठक में निर्देश दिए गए है,कि आंगनबाडी केंद्र, विद्यालय ,कॉलेज,ग्राम पंचायत,नगरीय निकाय में स्वीप मतदाता जगरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदान प्रतिशत बढाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग सुश्री मयूरी जोक सहित महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा , प्रभारी एपीसी,जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

**मंदसौर, 5 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को, दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/ राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे। श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मंडला (अजजा), बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 18 अप्रैल एवं मतदान तिथि 19 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। दूसरे चरण के 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, नर्मदापुरम एवं बैतूल (अजजा) में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसी प्रकार चौथे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 12 मई एवं मतदान तिथि 13 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

## वध के लिए 5 गौवंश...

पेज 1 से जारी

के दौरान ड्राइवर ने अपनी पहचान महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के केलगांव (सिल्लोड) निवासी रामेश्वर (35) पिता कौतिक काकडे व अन्य सवार मुधामनी (सिल्लोड) निवासी श्रीराम (23) पिता राधोबा सिरसाठ, सिल्लोड निवासी विशाल (21) पिता विष्णुआगे मराठा होना बताई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पशुकूररता अधिनियम में केस दर्ज किया, गौवंश को बरखेडापंथ स्थित श्री राधेकृष्ण गोशाला भिजवाया।

***** नाम परिवर्तन *****

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशीष पिता हरीश ने अपना नाम परिवर्तन कर आशीष लखेरा पिता हरीश कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम आशीष लखेरा पिता हरीश के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता- मकान नं.-618, वार्ड नं.-11, दरजी मोहल्ला, कयामपुर, मंदसौर (म.प्र.) 458558**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि़या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in